भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2389

गुरूवार, 20 मार्च, 2025/29 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**असम में पर्यटन को बढ़ावा देना**

**2389 सुश्री सुष्मिता देव:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम में पर्यटन के विकास के लिए कौन-कौन सी नीतियां, कार्यक्रम और चालू योजनाएं हैं;

(ख) पिछले पांच वर्षों में असम को विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि कितनी है;

(ग) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रचार और अभियानों पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(घ) क्या सरकार ने असम में चाय पर्यटन और नदी पर्यटन की अपार संभावनाओं के मद्देनजर इनके विकास के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पिछले पांच वर्षों में असम में पर्यटन क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निवेश लाने के लिए सरकार द्वारा वर्ष-वार क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): चाय पर्यटन और नदी पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से असम में चाय पर्यटन और नदी पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों को विकसित कर और बढ़ावा देकर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से असम राज्य सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ

राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।

'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत, वर्ष 2020-21 में 'राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 और 2 पर रिवर क्रूज़ के चढ़ने/उतरने के 9 मुख्य बिंदुओं पर जेट्टी का विकास' नामक परियोजना को मंजूरी दी गई थी। एसडी 2.0 योजना के तहत दिनांक 05-03-2024 को, असम के जोरहाट में 'रीइमेजीनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट' नामक परियोजना को मंजूरी दी गई है।

भारत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के दिशानिर्देशों के तहत असम में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय अपने आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता रहा है।

पर्यटन मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के तहत असम राज्य के लिए स्वीकृत निधियों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

जैसा कि असम सरकार द्वारा बताया गया है, पर्यटन विभाग, असम सरकार द्वारा एसओपीडी के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रचार और अभियानों पर खर्च की गई कुल धनराशि निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **राशि (लाख रु. में)** |
|---|---|
| 2023-24 | 974.89 |
| 2024-25 | 2000.00 |

पर्यटन मंत्रालय प्रति वर्ष उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) का आयोजन करता है। यह आयोजन एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है, जो उत्तर-पूर्वी राज्यों के पर्यटन व्यवसायों और उद्यमियों को एक साथ लाता है, ताकि क्रेताओं, विक्रेताओं, मीडिया, सरकारी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा दिया जा सके। पर्यटन मंत्रालय ने दिनांक 26 से 29 नवंबर, 2024 तक काजीरंगा में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) के 12वें संस्करण का आयोजन किया।

पर्यटन क्षेत्र में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए, भारत में पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में स्वचालित मार्ग के तहत 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति है, जो लागू नियमों और कानूनों के अध्यधीन है। होटल, रिसॉर्ट और मनोरंजक सुविधाओं के विकास सहित पर्यटन निर्माण परियोजनाओं में 100% एफडीआई की अनुमति है।

पर्यटन में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए, 1 मिलियन से अधिक आबादी वाले शहरों के बाहर स्थित तीन सितारा या उच्च श्रेणी के वर्गीकृत होटल, रोपवे और केबल कार और विशेष रूप से प्रदर्शनी स्थल या सम्मेलन स्थल या संयुक्त रूप से दोनों के लिए 100,000 वर्ग मीटर के न्यूनतम निर्मित फर्श क्षेत्र वाले प्रदर्शनी-सह-कन्वेंशन सेंटर की परियोजनाओं को अवसंरचना संबंधी उप-क्षेत्रों की हार्मोनाइज्ड मास्टर सूची में शामिल किया गया है।

*******

**अनुबंध**

सुश्री सुष्मिता देव द्वारा असम में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 20.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2389 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**असम राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परिपथ | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी/प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)* | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वन्यजीव परिपथ | 2015-16 | मानस - प्रोबितोरा-नामेरी- काजीरंगा-डिब्रू- सैखोवा का विकास | 94.68 | 94.68 | 89.94 |
| 2 | विरासत परिपथ | 2016-17 | तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास | 90.98 | 90.97 | 86.42 |

*इसमें केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल-I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत की गई राशि शामिल है।

**असम राज्य के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्स्पीरियंस | 26.67 | 05-03-2024 |
| 2 | जोरहाट | रीइमेजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.91 | 05-03-2024 |

**असम राज्य के लिए प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में) | जारी की गई राशि (करोड़ रु. में) | भौतिक प्रगति% | वित्तीय प्रगति % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कामाख्या मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 | 100% | 100% |

**असम राज्य के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृति तिथि | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय जलमार्ग 1 और 2 पर रीवर क्रूज के चढ़ने/ उतरने के 9 मुख्य बिंदुओं पर जेट्टी का विकास | आईडब्ल्यूएआई | 2020-21 | 2803.05 | 700.76 |
| 2 | कामाख्या रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 2018-19 | 496 | 402 |
| 3 | गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 2018-19 | 499 | 434 |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास के तहत असम राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | जारी की गई राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह बॉटनिकल गार्डन | 97.12 | 126.64 |
| 2 | शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 | |

**असम राज्य में घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना के तहत समर्थित मेलों और महोत्सवों तथा आयोजन का विवरण**

| क्र. सं. | वर्ष | मेलों और महोत्सवों के नाम | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी की गई राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | भोगली महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2 | 2021-22 | रोंगोली त्यौहार | 25.00 | 25.00 |

*******